कंपनियों को कार्य देने के लिए उन पर विचार किया गया है।

(घ) सरकार के विचाराधीन ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है।

तेल और प्राकृतिक गैस की खोज

301. श्री राम अवधेश सिंह : क्या पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) तेल और प्राकृतिक गैस की खोज का कार्य तथा तेल शोधन का कार्य किन-किन स्थानों पर हो रहा है तथा एकक-वार कितने-कितने देशी एवं आयातित कच्चे तेल का शोध किया जाता है ;

(ख) भारत में इंडियन आयल कारपोरेशन द्वारा किया जाने वाला प्रति बैरल शोध-व्यय कितना है तथा अमरीका, जर्मनी और जापान में क्रमशः उक्त व्यय कितना-कितना है ;

(ग) रूस, इंडोनेशिया, मलेशिया, सऊदी अरब, कुवैत, इरान और इराक से खरीदे जा रहे कच्चे तेल के मूल्य का ब्यौरा क्या है और उपर्युक्त देशों द्वारा अमरीका, फ्रांस, पाकिस्तान, बंगलादेश और श्रीलंका को बेचे जा रहे कच्चे तेल के मूल्यों का ब्यौरा क्या है ;

(घ) वर्तमान में अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का मूल्य क्या है; और भारत द्वारा खाड़ी देशों से आयात किए जा रहे कच्चे तेल का प्रति बैरल अथवा प्रति टन मूल्य क्या है; और

(ङ) क्या यह सच है कि कच्चे तेल का मूल्य ढुलाई खर्च और शोधन खर्च को शामिल करने के पश्चात भी केवल 3.50 रुपए प्रति लीटर आता है; यदि हां, तो देश में पेट्रोल के वर्तमान मूल्यों का क्या औचित्य है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री वी० शंकरानन्द): (क) एक विवरण सभा पटल पर रखा है। (नीचे देखिए)

(ख) से (ङ) शोधन लागत रिफाइनरी दर रिफाइनरी तथा रिफाइनरी के आकार तथा संसाधित कूड की किस्म पर निर्भर करती है ढुलाई की लागत भी कूड के स्रोत तथा रिफाइनरी के स्थान पर निर्भर करती है। पेट्रोलियम उत्पादों की कीमत का निर्धारण लागत, मांग में वृद्धि तथा सामाजिक-आर्थिक तत्वों को ध्यान में रखकर किया जाता है। 23-4-92 को प्लैट्स रिपोर्ट के अनुसार, दुबई कूड की कीमत 16.52 अमरीकी डालर प्रति बैरल थी। आयातित कूड तेल की कीमत कूड की किस्म के अनुसार घटती-बढ़ती है। आवधिक ठेके के अंतर्गत कीमतें ठेका दर ठेका अलग-अलग होती हैं। अमरीका, फ्रांस पाकिस्तान, बंगलादेश और श्रीलंका को बेचे जाने वाले कच्चे तेल की कीमत का ब्यौरा उपलब्ध नहीं है।

विवरण

तेल तथा प्राकृतिक गैस आयोग का वेधन कार्य गुजरात, मध्य प्रदेश, राजस्थान, असम, नागालैंड, पश्चिमी बंगाल, त्रिपुरा, बिहार, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, तमिलनाडु के तटीय क्षेत्र तथा आन्ध्र प्रदेश, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, केरल कोंकण तथा कच्छ-सौराष्ट्र आदि के अपतटीय क्षेत्रों में प्रगति पर है। इस समय आयल इंडिया लिमिटेड असम, अरुणाचल प्रदेश तथा राजस्थान में वेधन कार्य कर रहा है।

रिफाइनरी का स्थान	1991-92 के दौरान संसाधित कूड	
	देशी	विदेशी
	(आंकड़े हजार मीट्रिक टन में)	
डिग्बोई	546	—
बंबई (बी पी सी एल)	4,831	2,109
बंबई (एच पी सी एल)	992	3,731
विशाख	975	2,945
गुवाहाटी	856	—
बरौनी	2,261	—
कोयाली	7,104	2,276
हल्दिया	—	3,021
मथुरा	3,667	4,534
कोचीन	3,586	1,256
मद्रास	2,076	3,453
असम	1,164	—